भगवान टाकीज चौराहे पर मंगलवार को राष्ट्र प्रथम अभियान के अंतर्गत आयोजित जन संकल्प यात्रा के शुभारंभ स्थल पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते बाएं से तीसरे भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता। साथ हैं बाएं से चौथे विधायक डा. जीएस धर्मेश, वैभव जैन, राज्यसभा सदस्य नवीन जैन, एमएलसी विजय शिवहरे, डा. निर्मला दीक्षित, महामंत्री नितेश शिवहरे व अन्य ● जागरण



भगवान टाकीज चौराहे पर मंगलवार को राष्ट्र प्रथम अभियान के अंतर्गत आयोजित जन संकल्प यात्रा के चलते सर्विस रोड पर लगा भीषण जाम ● जागरण

राष्ट्र प्रथम अभियान की जन संकल्प यात्रा में दिखा जोश

भीषण गर्मी में युवाओं, व्यापारी-सामाजिक संगठनों ने की सहभागिता

जागरण संवाददाता, आगरा: राष्ट्र प्रथम अभियान में मंगलवार को राज्यसभा सदस्य नवीन जैन के नेतृत्व में जन संकल्प यात्रा में भीषण गर्मी में भी जोश दिखा। भगवान टाकीज चौराहे से शुरू होकर शुरू होकर यात्रा संजय प्लेस स्थित शहीद स्मारक तक पहुंची। इसमें शामिल होने राज्यसभा सदस्य घोड़ा गाड़ी से तो अन्य भाजपा नेता लग्जरी गाड़ियों से पूलिंग करके पहुंचे। शाम को उत्साह के साथ पैदल यात्रा शहीद स्मारक तक पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं, व्यापारी और सामाजिक संगठन से जुड़े लोग थे, जो सार्वजनिक परिवहन से पहुंचे।

भगवान टाकीज फ्लाइओवर के नीचे जिस स्थान से जन संकल्प यात्रा शुरू होनी थी, वहां पहले से ही मंच बनाया गया था। शाम चार बजे से वहां लोग एकत्रित होने लगे। कुछ भाजपा नेता लग्जरी गाड़ियों से पूलिंग करके पहुंचे तो कुछ युवा नेता बाइक से पहुंचे। राज्यसभा सदस्य नवीन कमला नगर स्थित अपने वाहन से घोड़ा गाड़ी से पहुंचे। शाम छह बजे संकल्प यात्रा शुरू हुई। इसमें कुछ युवा बाइकों पर झंडे लेकर आगे चल रहे थे। वहीं नेता और जनसमूह पैदल चल रहा था। जन संकल्प यात्रा के दौरान "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्" नारों से पूरा वातावरण राष्ट्रमय बना रहा। जगह-जगह व्यापारियों ने यात्रा का स्वागत किया। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर तेजी से बदलती परिस्थितियों का प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को आत्मनिर्भर एवं मजबूत बनाने के लिए दूरदर्शी निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को छोटी-छोटी जिम्मेदारियों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विधायक जीएस धर्मेश, एमएलसी विजय शिवहरे, महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, वैभव जैन, महेश शर्मा, नीतेश शिवहरे, अतुल गर्ग, नवल तिवारी, रोहित कत्याल, मुनेंद्र जादौन समेत अन्य मौजूद रहे।

एमजी रोड पर लगा जाम

ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था के बाद भी कार्यकर्ताओं और जन संकल्प यात्रा की भीड़ के चलते एमजी रोड पर जाम लग गया। इस दौरान वाहन चालक काफी देर तक गर्मी में परेशान हुए। यात्रा निकलने के बाद जाम खुलवाया गया।

जनप्रतिनिधियों के पुत्रों की आहट, दावेदारों में गरमाहट

- राज्यसभा सदस्य के बेटे जन संकल्प यात्रा से मैदान में उतरे
- दोनों कैबिनेट मंत्री और दोनों सांसदों के पुत्र भी हैं सक्रिय

जासं, आगरा: विधान सभा चुनाव से पहले दावेदार अपना-अपना दम दिखा रहे हैं। जनप्रतिनिधियों के पुत्रों की राजनीति में उतरने की आहट से दावेदारों में और गरमाहट आ गई है। मंगलवार को राज्यसभा सदस्य नवीन जैन के बेटे वैभव जैन की जन संकल्प यात्रा से हुई एंट्री से इस नई बहस छिड़ गई है। प्रदेश सरकार में दोनों कैबिनेट मंत्री और दोनों सांसदों के बेटों की भी राजनीति में सक्रियता बढ़ गई है। हालांकि अभी तक किसी के द्वारा खुले तौर पर दावेदारी नहीं की है। मगर, चुनाव से पहले बढ़ी सक्रियता को दावेदारी से जोड़कर ही देखा जा रहा है।

राज्यसभा सदस्य नवीन जैन के नेतृत्व में मंगलवार को भगवान टाकीज चौराहा से जन संकल्प यात्रा शहीद स्मारक तक निकाली गई। इसमें नवीन जैन के बेटे वैभव जैन की सक्रियता दिखी। वे यात्रा में आगे चलने के साथ ही मंच पर भी पहुंचे। पार्टीजन को संबोधित किया। राज्यसभा सदस्य नवीन जैन ने भी उनकी राजनीति में शुरूआत स्वीकार की। उनका कहना है कि बेटे की राजनीति में रुचि है। यात्रा से पहले वैभव ने कई क्षेत्रों में बैठकें की थी। उन्होंने आगे का अभी नहीं सोचा है। उधर, महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य के बेटे अभिनव मौर्य पहले से ही सक्रिय हैं। इस बार उनकी सक्रियता और बढ़ गई है। विधान सभा चुनाव को लेकर उनकी भी दावेदारी की चर्चा है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के बेटे अलौकिक उपाध्याय भी दक्षिण विधान सभा के साथ-साथ अन्य कार्यक्रमों में सक्रिय नजर आने लगे हैं। चुनाव से पहले उनकी सक्रियता और बढ़ गई है। सांसद राजकुमार चाहर और केंद्रीय पंचायती राज राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल के बेटे भी कुछ समय से राजनीति में सक्रिय दिख रहे हैं। फतेहपुर सीकरी से विधायक चौ. बाबूलाल के बेटे चौ. रामेश्वर पूर्व में चुनाव लड़ चुके हैं। लोकसभा चुनाव में पार्टी से टिकट न मिलने पर उन्होंने बगावत करके पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ा था। राजनीति के जानकारों का कहना है कि यह राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की तैयारी है, लेकिन परिवारवाद का विरोध करने वाली भाजपा का नेतृत्व इसे कितनी तवज्जो देता है यह देखने वाली बात होगी।

भगवान टाकीज चौराहे पर मंगलवार को राष्ट्र प्रथम अभियान के अंतर्गत आयोजित जन संकल्प यात्रा में उमड़ी कार्यकर्ताओं की भीड़ ● जागरण

शिविर में दान किया 24 यूनिट रक्त

अमेरिकन इंस्टीट्यूट आफ इंग्लिश लेंग्वेज में रक्तदान करते लोग ● आयोजक

आगरा : संजय प्लेस स्थित अमेरिकन इंस्टीट्यूट आफ इंग्लिश लेंग्वेज में 15वां रक्तदान शिविर मंगलवार को आयोजित किया गया। इस शिविर में कुल 24 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। यह शिविर एसएन मेडिकल कालेज के ब्लड ट्रांसफ्यूजन विभाग के सहयोग से लगाया गया। शिविर में कई युवाओं और छात्रों ने रक्तदान किया। इनमें से अधिकतर लोग पहली बार रक्तदान करने वाले थे। संस्थान के रीजनल डायरेक्टर प्रदीप तोमर ने सभी छात्रों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया और उनका धन्यवाद किया। कार्यक्रम में डा. विनय गोयल, डा. काव्या सिंघल, डा. प्रांजल गुप्ता, रोहित पाल सिंह और प्रमोद का विशेष सहयोग रहा। साथ ही संस्थान की फैकल्टी टीम ने भी आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वि.

सपा प्रवक्ता के बयान पर ब्राह्मण महासभा में रोष

डीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपती अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की पदाधिकारी ●

आगरा : अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी के कथित अपमानजनक बयान के विरोध में मंगलवार को जिलाधिकारी मनीष बंसल को ज्ञापन सौंपा। महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. मधु भारद्वाज के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों ने बयान पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के प्रति अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार नहीं की जाएगी। ज्ञापन में प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई। इस दौरान ममता पचौरी, नीलम शर्मा, वंदना तिवारी, आरती शर्मा, अरुण सारस्वत और प्रभुदत्त शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। वि.

अमेरिका में भी गूंजा बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का संदेश

न्यूयार्क में आयोजित इंटरनेशनल सेमिनार में सेवा आगरा के संस्थापक पार्षद मुरारी लाल गोयल और उनकी धर्मपत्नी सुमन गोयल को ट्राफी प्रदान कर करते कंसाई नैरोलैक पेंट के इंटरनेशनल मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीण डी. चौधरी व अन्य ●

आगरा : शहर के हित में लगातार निरंतर सेवा कार्य करने वाले शहर के समाजसेवी एवं पार्षद मुरारीलाल गोयल और उनकी धर्मपत्नी सुमन गोयल को न्यूयार्क में सेवा कार्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया। यह दंपती 12 से 17 मई तक अमेरिका में आयोजित कंसाई नैरोलैक पेंट के छह दिवसीय इंटरनेशनल सेमिनार में शामिल हुए थे। समारोह में कंसाई नैरोलैक पेंट के इंटरनेशनल मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीण डी. चौधरी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राम मल्होत्रा, वाइस प्रेसिडेंट राम नाइक और जनरल मैनेजर एस. मदान ने ट्राफी देकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान मुरारीलाल गोयल ने 'हेलमेट लगाओ, जीवन बचाओ' और 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' का संदेश दिया।

सेंट्रल बैंक आफ इंडिया का लोन शिविर 22 को

जासं, आगरा: सेंट्रल बैंक आफ इंडिया का 22 मई को सुबह 11 बजे से जिला स्तरीय विशेष रिटेल ऋण शिविर का आयोजन यूथ हास्टल संजय प्लेस में होने जा रहा है। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े व्यक्तियों को बैंकिंग सुविधाओं एवं ऋण योजना और व्यक्तिगत लोन की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर बैंक शाखा के वरिष्ठ अधिकारी आदि मौजूद रहेंगे।

अब आधुनिक मशीनों से किया जाएगा गोवंश का उपचार

आगरा : करुणा फाउंडेशन और एनिमल हेल्पलाइन ने घायल व बीमार गोवंश के इलाज के लिए पहल की है। चमरौली स्थित गोवंश चिकित्सालय में रविवार को आधुनिक एक्स-रे मशीन, आपरेशन थिएटर एवं गो-कास्ट मशीन लगाई गईं। उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने किया। इन आधुनिक मशीनों के उपयोग से गोवंशी चिकित्सालय में घायल गोवंशी के इलाज में सहूलियत मिलेगी। कम समय में अधिक गोवंश का इलाज संभव हो सकेगा।

गोवंश चिकित्सालय में बनाए गए आपरेशन थियेटर में एक समय में 300 से अधिक बीमार व घायल गोवंश के इलाज की व्यवस्था है। इस चिकित्सालय में आगरा के अलावा इटावा, मैनपुरी, अलीगढ़, हाथरस, और धौलपुर आदि जगहों के घायल गोवंश को उपचार के लिए भर्ती कराया जा सकेगा। सांसद एसपी सिंह बघेल ने कहा कि लोग अपना और बच्चों का जन्मदिन, मैरिज एनेवर्सरी, पितृ दिवस या अन्य कोई धार्मिक, मांगलिक कार्यक्रम गोशालाओं में मनाने का चलन शुरू करें। गायों की सेवा करें। घायल अवस्था में यहां भी गाय को देखें, उसे इलाज के लिए गो चिकित्सालय भेजें। इस अवसर पर जितेंद्र रैपुरिया, शैलेंद्र शर्मा, जगदीश पचौरी, जयंती उपाध्याय, कृष्णा पंडित आदि उपस्थित रहे।

करुणा फाउंडेशन और एनिमल हेल्पलाइन संस्था के सहयोग से गोवंश चिकित्सालय में अधुनिक मशीनों का उद्घाटन करते केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल और अन्य ●

534 नन्हे कछुओं को चंबल में छोड़ा गया

संसू, जागरण ● बाह: जलीय जीवों के संरक्षण को लेकर मंगलवार को चिकनी पुरा घाट से साल और ढोर प्रजाति के 534 नन्हें कछुओं को चंबल नदी में छोड़ा गया। नन्हे कछुओं को देखकर क्षेत्रीय लोगों में भी उत्साह दिखाई दिया। वन अधिकारियों ने बताया कि चंबल नदी दुर्लभ जलीय जीवों का प्रमुख प्राकृतिक आवास है। कछुए नदी के पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखने के साथ जल को स्वच्छ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा लगातार संरक्षण कार्य किए जा रहे हैं। वन टीम ने कछुओं को सुरक्षित तरीके से नदी में छोड़ा और उनके प्राकृतिक वातावरण के अनुकूल रहने की व्यवस्था सुनिश्चित की। इस मौके पर वन दारोगा राहुल जादौन, वन्य जीव रक्षक राजेश कुमार, टिंकू, चंद्रभान मौजूद रहे।

चंबल नदी के चीकनी पुरा घाट पर कछुओं को नदी में पहुंचाते वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी ●

अब मुख्य सचिव तक पहुंचा एनओसी न मिलने का मामला

जासं, आगरा: उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) द्वारा आगरा में बिल्डर्स के प्रोजेक्ट को अनुमति नहीं देने का मुख्य सचिव एसपी गोयल तक पहुंच गया है। मुख्य सचिव ने मंडलायुक्त को समस्या समाधान के निर्देश दिए हैं।

क्रेडाई उप्र के सचिव शोभिक गोयल ने सोमवार को लखनऊ में मुख्य सचिव एसपी गोयल से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि आगरा में यूपीपीसीबी द्वारा एनओसी नहीं दिए जाने से बिल्डर्स के प्रोजेक्ट अटक रहे हैं। यूपीपीसीबी द्वारा सुप्रीम कोर्ट की रोक का हवाला दिया जाता है, लेकिन मथुरा व फिरोजाबाद में एनओसी जारी की जा रही हैं। इस पर मुख्य सचिव ने प्रमुख सचिव पर्यावरण, वन-जलवायु परिवर्तन, यूपीपीसीबी की सदस्य सचिव व टीटीजेड अथारिटी के चेयरमैन मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप से बात की। प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप और एडीए उपाध्यक्ष एम. अरूम्मोली से मुलाकात कर अपनी व्यथा बताई।

सुप्रीम कोर्ट आज करेगा चंबल में अवैध खनन पर सुनवाई

राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में खनन पर तलब किए राजस्थान व मप्र के अफसर, अवैध खनन का स्वतः संज्ञान लेकर दर्ज की थी याचिका

जागरण संवाददाता, आगरा: सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में अवैध खनन के मामले पर सुनवाई होगी। 14 मई को हुई सुनवाई में राजस्थान व मध्य प्रदेश सरकार के अफसरों को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाते हुए तलब किया था। उन्हें अब तक खनन रोकने को उठाए गए कदम और भविष्य की कार्य योजना की जानकारी शपथ पत्र दाखिल कर देनी है।

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में अवैध खनन का स्वतः संज्ञान लेते हुए 13 मार्च को वाद दर्ज किया था। सेंट्रल इम्पावर्ड कमेटी (सीईसी) ने सात मई को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल रिपोर्ट में धौलपुर व मुरैना में अवैध खनन होने और अपंजीकृत वाहनों से रेत का परिवहन होने की बात कही थी। सुप्रीम कोर्ट ने 14 मई को सुनवाई करते हुए राजस्थान के धौलपुर में अवैध खनन के मामले में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह, प्रमुख सचिव खनन एवं भूविज्ञान, प्रमुख सचिव वित्त, प्रमुख सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, प्रमुख सचिव परिवहन को सुनवाई की अगली तिथि पर न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए थे। मुरैना में अपंजीकृत वाहनों की खनन में संलिप्तता पर मध्य प्रदेश सरकार को फटकार लगाते हुए प्रमुख सचिव परिवहन को तलब किया था। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) को शपथ पत्र दाखिल कर चंबल पर बने पुल की संरचनात्मक अखंडता और सुरक्षा के लिए बनाई गई योजना या भविष्य की योजना की जानकारी देनी है।

राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन को धमकी, मुकदमा

जासं, आगरा: सपा से राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन को मोबाइल पर अज्ञात युवक द्वारा मैसेज करके जान से मारने की धमकी दी गई थी। उन्होंने मामले की शिकायत डीजीपी से की थी। मामले में हरीपर्वत थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन ने बताया कि पांच मार्च की सुबह 11:21 और 11:22 बजे अज्ञात नंबर से वीडियो और मैसेज भेजा गया। इसमें एक युवक ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए पिछड़ों और मजबूरों की आवाज उठाने पर जान से मारने की धमकी दी थी। उन्होंने धमकी देने वाले की वाट्सएप डीपी और मैसेज के स्क्रीन शाट लेकर डीजीपी से शिकायत की थी। इंस्पेक्टर हरीपर्वत नीरज शर्मा ने बताया कि अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित के बारे में पता किया जा रहा है।

दर्द रोगी मिलें
हाथों द्वारा नस पकड़ने से आराम
सभी प्रकार के ● दर्द (डिस्क स्लिप, माइग्रेन, सर्वाइकल, साइटिका) ● लकवा इत्यादि
वैद्य राधेश्याम सारस्वत डा. हर्ष कुमार सारस्वत B.A.M.S. (Kanpur University)
एच.आर. योगा व आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
मिलें हर बुधवार प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक
पारस प्राइड रूकमनी बिहार, छटीकरा रोड, वृन्दावन मो.: 9411981971, 8445449168

कल्याणं करोति नेत्र संस्थान
गोवर्धन चौराहा से 8.5 किमी, मथुरा-गोवर्धन रोड, मथुरा (उ0प्र0) 281501
गर्ल्स पीजी/हॉस्टल हेतु आवश्यकता
गोवर्धन रोड, कृष्णा नगर मथुरा के आसपास 50-100 छात्राओं की क्षमतावाले सुरक्षित एवं सभी सुविधायुक्त गर्ल्स पीजी/हॉस्टल की तत्काल आवश्यकता है।
पार्किंग सुविधा, मुख्य सड़क एवं सार्वजनिक परिवहन से अच्छी कनेक्टिविटी
संपर्क सूत्र : 8650031000, 8650081000

भूमि वापसी की मांग को अड़े किसान

इनर रिंग रोड तृतीय चरण के लिए अधिगृहीत भूमि वापस करने की मांग

जासं, आगरा: इनर रिंग रोड तृतीय चरण के लिए अधिगृहीत की गई भूमि को वापस पाने के लिए किसानों ने मंगलवार को किसानों ने कमिश्नरी और एडीए में प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए अधिकारियों पर शोषण का आरोप लगाया। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे एडीए में तालाबंदी कर आंदोलन करेंगे।

किसानों ने कहा कि महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबीरानी मौर्य के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। 24 मार्च, 2026 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए थे कि यदि किसानों की भूमि की आवश्यकता है, तो उन्हें वर्तमान दर पर मुआवजा दिया जाए, अन्यथा भूमि वापस कर दी जाए। जिला प्रशासन और एडीए अधिकारी मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। किसान नेता श्याम सिंह चाहर ने कहा कि अधिग्रहण के 16 वर्ष बाद भी भूमि पर भौतिक कब्जा किसानों का है। वहां कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। यदि 5 वर्षों तक अधिगृहीत भूमि का उपयोग नहीं होता है, तो उसे वापस करने का प्रविधान है। कानून के अनुसार उनकी भूमि तुरंत लौटाई जाए। भूमिहीन किसानों को 40 वर्ग मीटर के भूखंड और पात्रता के आधार पर सरकारी नौकरी दी जाए। मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप के हस्तक्षेप के बाद एडीए सचिव संजय कुमार और विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी ने किसानों से एक घंटे तक वार्ता कर समाधान निकालने का भरोसा दिलाया। लक्ष्मी नारायण बघेल, प्रमोद कुमार, महावीर चाहर, रघुनाथ शर्मा, श्री भगवान, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda | शाखा: फतेहाबाद रोड, आगरा मो- 8477009341 | ई-नीलामी सूचना

[परिशिष्ट IV-A (नियम 8(6) के लिए प्रावधान]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु सूचना
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो बैंक ऑफ बड़ौदा के पास गिरवी/प्रभारित है, का सांकेतिक/भौतिक कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर विक्रय की जाएगी। सम्पत्ति का विवरण नीचे दिया गया है।

क्र. सं.	ऋणी/गारंटर के नाम व पते	मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि (रु)	सम्पत्तियों का विवरण	आरक्षित मूल्य (रु) / ईएमडी (रु) / बोली वृद्धि राशि (रु)
1.	ऋणी- मेसर्स एम डी साइंटिफिक एंड हैंडीक्राफ्ट प्रोप्राइटरशिप फर्म, प्रोप्राइटर - श्री रामू कुमार पुत्र श्री ओमवीर सिंह, माया देवी पत्नी ओमवीर सिंह सभी का पता - बास इंदा, जलेसर रोड, नदऊ, आगरा	06-01-206 15,35,547.12 + ब्याज व अन्य खर्चे	1. साम्यिक बंधक अंचल संपत्ति स्थित प्लॉट नंबर 10 एवं प्लॉट नंबर 9 का कुछ भाग, खसरा नंबर 525, स्थित श्री स्टार कॉलोनी, मौजा नदाऊ, तहसील एत्मादपुर, जिला आगरा, एरिया: 106.27 वर्ग मीटर, संपत्ति श्रीमती माया देवी, पत्नी श्री ओमवीर सिंह के नाम पर, चौहद्दी: पूर्व- प्लॉट नंबर 9 का भाग, पश्चिम - गिर्राज सिंह का प्लॉट, उत्तर - गोरेलाल का प्लॉट, दक्षिण - 20 फुट चौड़ी सड़क 2. साम्यिक बंधक अंचल संपत्ति स्थित प्लॉट नंबर 11, खसरा नंबर 525, स्थित श्री स्टार कॉलोनी, मौजा नदाऊ, तहसील एत्मादपुर, जिला आगरा, एरिया: 86.95 वर्ग मीटर, संपत्ति श्री रामू कुमार, पुत्र श्री ओमवीर सिंह के नाम पर, चौहद्दी: पूर्व- गुड्डी का प्लॉट, पश्चिम - सोनम शाक्य का प्लॉट, उत्तर - 20 फुट चौड़ी सड़क, दक्षिण - गिर्राज सिंह का खेत संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय 25.06.2026 दोपहर 02:00 से सांय 04.00 बजे तक	सांकेतिक 18,62,000/- 1,86,200/- 10,000/-

ई-नीलामी दिनांक : 26.06.2026, समय : दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक

इच्छुक बोलीदाता ईएमडी राशि पोर्टल https://www.baanknet.com के माध्यम से केवल एनईएफटी/यूपीआई/क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड के द्वारा ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।
बैंक की जानकारी के अनुसार सम्पत्तियों पर भार का विवरण - ज्ञात नहीं है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.in/e&auction.htm देखें/जाएं एवं https://www.baanknet.com साथ ही, संभावित बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाइल 8477009341 पर संपर्क कर सकते हैं।
सांकेतिक कब्जे वाली संपत्ति के लिए बैंक नीलामी क्रेता को सांकेतिक रूप से ही संपत्ति का कब्जा सौंप देगा।
सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना
इस बिक्री नोटिस को उपरोक्त उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(रों)/बंधककर्ता(रों) के लिए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6)/नियम 9(1) के तहत 30 दिनों के नोटिस के रूप में भी माना जाएगा।

नियमों और शर्तों के विस्तृत विवरण के लिए यहाँ स्कैन करें

स्थान: आगरा | दिनांक : 20-05-2026 | प्राधिकृत अधिकारी